संख्या जैड-28016/4/2023-पीएमएसएसवाई-IV

भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

(पीएमएसएसवाई डिवीजन)

कमरा नंबर 201-डी, निर्माण भवन,

नई दिल्ली-110001

वेबसाइट: www.mohfw.nic.in और http://pmssy-mohfw.nic.in

टेल: 011-23061730

एम्स (i) रायपुर (छत्तीसगढ़), (ii) नागपुर (महाराष्ट्र), और (iii) अवंतीपोरा (जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र) में कार्यकारी निदेशक के पद हेतु विज्ञापन

-----------

एम्स **(i) रायपुर (छत्तीसगढ़)**, (ii) **नागपुर (महाराष्ट्र), और** (iii) **अवंतीपोरा (जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र)** में प्रतिनियुक्ति/ अल्पकालिक संविदा/ संविदा के आधार पर **कार्यकारी निदेशक** के पद को भरने के लिए अनिवासी भारतीय और भारतीय मूल के व्यक्तियों सहित भारत के नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

2. **अर्हता:**

क. मेडिसिन या सर्जरी या जन स्वास्थ्य और उनकी शाखाओं में स्नातकोत्तर अर्हता।

ख. शिक्षण और/ अनुसंधान में कम से कम दस वर्ष का अनुभव।

ग. पेशे में पच्चीस वर्ष का कार्य अनुभव।

घ. चिकित्सा राहत, चिकित्सा अनुसंधान, चिकित्सा शिक्षा या जन स्वास्थ्य संगठन के क्षेत्र में व्यापक व्यावहारिक और प्रशासनिक अनुभव और एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक शैक्षणिक संस्थान के प्रमुख या विभागाध्यक्ष के रूप में इसके संचालन का पर्याप्त अनुभव।

ङ. पात्रता के लिए संस्थान के प्रमुख या विभागाध्यक्ष के रूप में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव अपेक्षित होगा। इस मानदंड के लिए प्रासंगिक अनुभव के रूप में निम्नलिखित प्रकार के कार्य अनुभव मान्य किए जाएगें: –

| | |
|---|---|
| i. संस्थान प्रमुख | v. इकाई प्रमुख |
| ii. विभागाध्यक्ष | vi. डीन |
| iii. चिकित्सा अधीक्षक | vii. सब डीन |
| iv. नैदानिक विभागाध्यक्ष | viii उपरोक्त के समान अनुभव |

दिनेश कुमार

3. **अधिकतम आयु सीमा:**

67 वर्ष तक (आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार)।

4. **वेतन और भत्ते:**

क. वेतन मैट्रिक्स में लेवल 15; 182200-224100/- रु. (7वें सीपीसी के अनुसार) (पदधारी सामान्य वार्षिक वेतन वृद्धि का भी हकदार होगा)

ख. संस्थान के परिसर में आवासीय आवास एफआर 45 या वेतन के 10% के तहत मानक किराए के भुगतान पर, जो भी कम हो, प्रदान किया जाएगा।

ग. अन्य स्वीकार्य भत्ते

5. **पद का कार्यकाल:**

प्रतिनियुक्ति/ अल्पकालिक संविदा/ संविदा के आधार पर नियुक्ति 3 वर्ष के लिए होगी जिसे 5 वर्ष तक या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, बढ़ाया जा सकता है।

6. **परिवीक्षा:** परिवीक्षा अवधि एक वर्ष के लिए होगी।
7. **आवेदन की प्रक्रिया:**

पात्र उम्मीदवार प्रोफार्मा में पेपर की एक प्लेन शीट में विज्ञापन की संख्या और तिथि का हवाला देते हुए पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। सेवारत उम्मीदवारों को अपने संबंधित संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारियों के माध्यम से अपने आवेदन अग्रेषित करने चाहिए। आवेदनों को अग्रेषित करते समय, संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारियों को निम्नलिखित दस्तावेजों को भी अग्रेषित करना चाहिए:

i. आवेदक संबंधी सतर्कता मंजूरी जो उपयुक्त स्तर के अधिकारी द्वारा यथोचित हस्ताक्षरित होनी चाहिए।

ii. आवेदक संबंधी संवर्ग मंजूरी जो उपयुक्त स्तर के अधिकारी द्वारा यथोचित हस्ताक्षरित होनी चाहिए।

iii. अधिकारी पर उसकी सेवा अवधि के दौरान लगाई गई शास्ति, या तो प्रमुख या लघु का विवरण।

iv. अधिकारी द्वारा प्रस्तुत नवीनतम अचल संपत्ति रिटर्न की एक प्रति।

v. संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी यह भी सुनिश्चित करेगा कि आवेदक के एसीआर (पिछले पांच वर्षों) की पूरी एसीआर डोजियर / सत्यापित प्रतियां शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के व्यक्तिगत साक्षात्कार की तारीख से पहले उपलब्ध कराई जाएं।

8. **अन्य सूचना**

i. पद के लिए निर्धारित अर्हता, आयु, अनुभव आदि के अनुसार पात्रता निर्धारित करने की प्रभावी तिथि आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी।

ii. आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि **रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 45 वें दिन** होगी।

iii. देर से प्राप्त और अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

iv. किसी भी प्रकार की अनुयाचना उम्मीदवारी की अयोग्यता का कारण बनेगी।

v. आवेदन का प्रारूप वेबसाइट: http://mohfw.gov.in & http://pmssy-mohfw.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है ।

vi. सभी दृष्टि से भरे हुए प्रपत्र को पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा निम्नलिखित पते पर भेजा जाना चाहिए:

*श्री दिनेश कुमार, संयुक्त निदेशक (पीएमएसएसवाई), कमरा नंबर 201-डी, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, , निर्माण भवन , नई दिल्ली -110001*

9. **सामान्य शर्त/सूचना:**

(i) कार्यकारी निदेशक संबंधित संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में कार्य करेंगे। पद का संचालन संबंधित संस्थान में किया जाएगा।

(ii) निर्धारित योग्यता न्यूनतम आवश्यकता है और इसे पूरा करने से उम्मीदवार स्वतः ही साक्षात्कार के लिए योग्य नहीं हो जाते हैं।

(iii) प्रपत्र के भाग के रूप में प्रदान की गई जानकारी के आधार पर आवेदनों की जांच की जाएगी। केवल शार्ट लिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

(iv) निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त नहीं आवेदनों को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(v) साक्षात्कार खोज एवं चयन समिति (एससीएससी) द्वारा आयोजित किया जाएगा।

(vi) एससीएससी को स्वत: ही किसी भी उम्मीदवार पर विचार करने और साक्षात्कार के लिए आमंत्रित करने का भी अधिकार है ।

दिनेश कुमार

(vii) साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय अपने आवेदनों में प्रस्तुत विवरण के प्रमाण के रूप में सभी संबंधित मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

(viii) उम्मीदवार अग्रिम प्रति के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। हालांकि, उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनकी उम्मीदवारी पर विचार करने के लिए एनओसी, सतर्कता निकासी और उनके एपीएआर उनके संबंधित संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारियों द्वारा समय पर भेजे जाते हैं।

दिनेश कुमार
7.3.23

**(दिनेश कुमार)**
**संयुक्त निदेशक**
**टेलीफोन नं. 011-23061730**

दिनेश कुमार

# <u>आवेदन पत्र का प्रारूप</u>

**(i) रायपुर (छत्तीसगढ़), (ii) नागपुर (महाराष्ट्र), और (iii) अवंतीपोरा (जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र)** प्रत्येक में प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत कार्यकारी निदेशक के पद के लिए आवेदक का नाम और विवरण

| नवीनतम फोटोग्राफ |
|---|

1. नाम________________________________________

2. पिता का नाम____________________________________

3. ( i ) जन्म की तारीख____________________________________

( ii ) आयु (रोजगार समाचार में विज्ञापन की अंतिम तारीख के अनुसार) ________

4. वर्तमान पता

________________________________________

5. स्थाई पता

________________________________________

- फोन :
- मोबाइल:
- ईमेल:

6. क्या भारत के नागरिक या अनिवासी भारतीय या भारतीय मूल के व्यक्ति हैं ______

(सहायक दस्तावेज़ प्रस्तुत करें)

7. एम्स का विकल्प (वरीयता के क्रम में):

दिनेश कुमार

(नीचे दिए गए बॉक्स में वरीयता क्रम (संख्या 1 से 3) इंगित करें):

(i) रायपुर (ii) नागपुर
(iii) अवंतीपोरा

8. शैक्षणिक योग्यता

| | | | |
|---|---|---|---|
| **स्नातक** | **उत्तीर्ण होने का वर्ष** | **प्रयासों की संख्या** | **महाविद्यालय/विश्वविद्यालय जिससे स्नातक उपाधि प्राप्त की हो** |
| | | | |
| **स्नातकोत्तर** | **उत्तीर्ण होने का वर्ष** | **प्रयासों की संख्या** | **महाविद्यालय/विश्वविद्यालय जिससे स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की हो** |
| | | | |
| **डॉक्टरेट (यदि कोई हो)** | **उत्तीर्ण होने का वर्ष** | | **महाविद्यालय /विश्वविद्यालय** |
| | | | |

9. विशेषज्ञता का क्षेत्र

10. अनुभव:

दिनेश कुमार

| स्नातकोत्तर से पूर्व | पदनाम और संस्थान जहां काम किया है | से | तक | कुल अवधि |
|---|---|---|---|---|
| शिक्षण | | | | |
| शोध | | | | |
| प्रशासन | | | | |
| **स्नातकोत्तर के बाद** | **पदनाम और संस्थान जहां काम किया है** | **से** | **तक** | **कुल अवधि** |
| शिक्षण | | | | |
| शोध | | | | |
| **प्रशासन (निम्नलिखित श्रेणी में)** | | | | |
| (i) संस्थान प्रमुख | | | | |
| (ii) विभागाध्यक्ष | | | | |
| (iii) चिकित्सा अधीक्षक | | | | |
| (iv) नैदानिक विभाग के प्रमुख | | | | |
| (v) यूनिट के प्रमुख | | | | |
| (vi) डीन | | | | |
| (vii) उप- डीन | | | | |
| (viii) उपर्युक्त के समान अनुभव | | | | |

11. प्रकाशनों की पूरी सूची:

(जिन प्रकाशनों पर व्यक्ति पहला या दूसरा लेखक है, केवल उन पर विचार किया जाएगा)

(i) पीएमआईडी संख्या के साथ पीयुबीएमईडी अनुक्रमित पत्रिकाओं में प्रकाशनों की संख्या

(सूची संलग्न की जा सकती है):

(ii) अन्य पत्रिकाओं में प्रकाशनों की संख्या

(सूची संलग्न की जा सकती है):

दिनेश शर्मा

12. पुस्तकें या पुस्तकों में अध्याय, यदि कोई हो :

13. पाठ्येत्तर गतिविधियाँ जैसे मेडिको-सोशल कार्य, पत्रकारिता, साहित्यिक गतिविधियां आदि :

14. (i) प्राप्त अवार्ड, विशिष्टताएं, पुरस्कार इत्यादि, यदि कोई हो :

a. स्नातक स्तर पर:

b. स्नातकोत्तर स्तर पर :

c. कोई और :

(ii) दी गई सजा, यदि कोई हो

15. राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक सोसायटी, अकादमियों आदि में फैलोशिप/सदस्यता:

16. वर्तमान पद एवं पदनाम (तारीख जब से कार्यरत हैं):

17. वेतनमान (7 वें सीपीसी के अनुसार):

18. वेतन :

**घोषणा**

मैं सत्यनिष्ठा से घोषणा करता हूं कि इस आवेदन में दिए गए सभी कथन मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही हैं। मैं समझता हूं और सहमत हूं कि चयन/साक्षात्कार से पहले या बाद में किसी भी समय किसी भी जानकारी के झूठ या गलत/अपूर्ण पाए जाने या अपात्रता का पता चलने की स्थिति में, मेरी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी और मैं स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्णय से बाध्य रहूंगा।

स्थान: (उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

दिनांक: नाम:

**( ***** )**

दिनेश शर्मा